प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 गुरूवार** **दिनांक 16.05.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><

**` मुख्य समाचारः—**

1— केन्द्र सरकार ने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं की कीमतों में कटौती की।

2— छत्तीसगढ़ में कोयला सहित अन्य खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन ई—ट्रांजिट पास की व्यवस्था फिर से शुरु।

3— कर्नाटक में बंधक बनाए गए बस्तर जिले के तेरह मजदूरों को सुरक्षित छत्तीसगढ़ लाया गया।

4— मानसून समय से पहले केरल में दे सकता है दस्तक—इकतीस मई को पहुंचने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>सरकार—औषधि</u>**

केन्द्र सरकार ने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया। बैठक में फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से डीलरों और थोक वितरकों को दें।

## अमित शाह–प्रशंसा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल मोर्चे पर मिली अब तक की सफलता पर छत्तीसगढ़ सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद बीते साढ़े चार महीने में एक सौ बारह माओवादी मारे गए हैं। वहीं, लगभग तीन सौ पचहत्तर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसके अलावा एक सौ तिरपन माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं। श्री शाह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रही है।

गृह मंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की प्रशंसा करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री शाह का आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि केन्द्र सरकार के कुशल मार्गदर्शन में हम नक्सल समस्या के स्थायी समाधान की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

## खनिज परिवहन

छत्तीसगढ़ में कोयला सहित अन्य खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन ई–ट्रांजिट पास की व्यवस्था फिर से शुरु हो गई है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा है कि अब कोयला सहित अन्य खनिजों के परिवहन में कोई भी गड़बड़ी और घोटाला नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनेगा।

## अरपा नदी–याचिका

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आज अरपा नदी के संरक्षण पर लगाई गई विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने जिला प्रशासन बिलासपुर और गौरेला–पेंड्रा–मरवाही को छब्बीस जून को अरपा

नदी के उद्गम और संरक्षण का एक्शन प्लान प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट के निर्देश पर अरपा रिवाईवल कमेटी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

गौरतलब है कि अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा की ओर से संरक्षक रामनिवास तिवारी, बिलासपुर के अधिवक्ता अरविंद कुमार शुक्ल, सोमनाथ यादव और अक्षय नामदेव ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में अलग–अलग याचिकाएं दायर की थीं।

**एम्स–छत्तीसगढ़ आर्मी**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर के चिकित्सक और छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन, सामाजिक जागरूकता के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इस संबंध में सहमति आज फाउंडेशन के पदाधिकारियों की एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल से मुलाकात के दौरान बनी। फाउंडेशन ने एम्स के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल श्री जिंदल ने बताया कि एम्स में पूर्व सैनिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं कैशलेस तरीके से प्रदान की जा रही है।

**बंधक मजदूर–रिहा**

कर्नाटक और तेलंगाना में बंधक बनाए गए बस्तर जिले के उन्नीस में से तेरह मजदूरों को सुरक्षित छत्तीसगढ़ लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते जनवरी महीने में दरभा ब्लॉक के कोलेंग, काच्छीरास और मुण्डागड़ के रहने वाले उन्नीस मजदूरों को अधिक पैसों का लालच देकर एजेन्ट ने कर्नाटक और तेलंगाना

भेज दिया था। आरोप है कि चार महीने के बाद मजदूरों को उनके परिजनों से बात करने के लिए मना कर दिया गया और उन्हें बंधक बनाकर जबरदस्ती काम करवाया जाता था।

इस मामले की शिकायत दरभा के सरपंच ने पुलिस में की। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा चार सदस्यों की टीम गठित कर उन्हें कर्नाटक और तेलंगाना भेजा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्गा जिले से तेरह मजदूरों को सुरक्षित वापस ले आया गया है। बताया जाता है कि तेलंगाना के हैदराबाद में अभी भी छह मजदूर बंधक हैं। उन्हें जल्द वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

**नारायणपुर हत्या–खुलासा**

नारायणपुर में परिवहन संघ के सचिव और कांग्रेस नेता विक्रम बैस की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आज पुलिस ने बताया कि विक्रम बैस की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई है। इस हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों से पुलिस ने हथियार समेत दोपहिया वाहन और मोबाईल फोन जब्त किया है। इस मामले में नारायणपुर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच के दौरान एक संदिग्ध का पता चला। उससे पूछताछ के आधार पर बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। हत्या का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिले के बखरूपारा में बीते तेरह मई को विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**रौशन चंद्राकर–ईडी**

अभी–अभी प्राप्त समाचार के अनुसार कस्टम मिलिंग घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने छततीसगढ़ राईस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रौशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। उसे आज पीएमएलए विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन की रिमांड पर ईडी को सौंपा गया है।

**डेंगू दिवस**

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। डेंगू बीमारी के लक्षण और बचाव के उपाय के लिए जन–जागरूकता लाने प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के लोगों को डेंगू बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डेंगू बीमारी के लक्षण और बचाव के बारे में बैनर–पोस्टर से जन–जागरूकता रथ को सजाया गया है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आज जगदलपुर में भी जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों से डेंगू मलेरिया से बचाव और उपचार के प्रति सतर्कता बरतने की अपील की गई। इस रैली में अधिकारी–कर्मचारी सहित नर्सिंग छात्राएं, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर और आम नागरिक शामिल हुए। इस मौके पर कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़–नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय और उपचार संबंधी सन्देश दिए गए।

**व्यापमं–राज्य पात्रता परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा इस वर्ष की राज्य पात्रता परीक्षा के लिए तेरह मई से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी व्यापमं के पोर्टल पर नौ

जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दस से बारह जून तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। राज्य पात्रता परीक्षा इक्कीस जुलाई को संभावित है। इस परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## तेंदुआ–मौत

कोरबा जिले के पाली उप वनमंडल के चेतमा रेंज में एक तेंदुए का शिकार करने का मामला सामने आया है। वन विभाग के अनुसार तेंदुए के शरीर से खाल के कुछ हिस्सों के साथ ही नाखून, दांत और पूंछ गायब पाए गए हैं। वन विभाग के अधिकारी जंगल के उस स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां तेंदुए का शिकार किया गया। साथ ही रायपुर से सर्चिंग डॉग की टीम को भी बुला लिया गया है।

वहीं, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी थाना क्षेत्र के हालेपायली गांव में तेंदूपत्ता तोडने गए एक युवक पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजन को पच्चीस हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की है।

## आईपीएल–बैंक खाता

आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टे की रकम के आदान–प्रदान के लिए दूसरे के नाम पर बैंक खाता खुलवाने वाले तीन आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की विवेचना में पता चला है कि आरोपियों ने अब तक लगभग डेढ़ सौ से अधिक बैंक खाते खुलवाए हैं। एंटी क्राईम एंड सायबर यूनिट और गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अब तक इस मामले में सोलह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके पास से बारह लैपटॉप, साठ मोबाईल, बत्तीस पासबुक, पांच चेकबुक और चौंतीस ए.टी.एम. कार्ड जब्त किए गए हैं।

**बैंक कैशियर–फर्जीवाड़ा**

सक्ती जिले के बंधन बैंक में फर्जीवाड़ा करने वाले कैशियर के खिलाफ पुलिस ने धारा–चार सौ बीस के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि कैशियर ने जीवित महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर बीमा क्लेम किया था। इसके साथ ही डेढ़ लाख रूपये का भी गबन किया था। कैशियर की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है।

**मनेन्द्रगढ़–हत्या**

मनेन्द्रगढ़–भरतपुर–चिरमिरी जिले में चनवारीडांड के वन काष्ठागार के पीछे आज एक पत्रकार का शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार यह पत्रकार अपनी पत्नी के साथ चनवारीडांड में किराये के मकान में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मौसम**

**_मौसम का हाल–**

इस वर्ष दक्षिण–पश्चिम मानसून के केरल में इकतीस मई को पहुंचने की संभावना है। आमतौर पर केरल में मानसून जून के पहले सप्ताह में पहुंचता है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से इस बार देश में मानसून के निर्धारित तिथि के पहले पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बिहार के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

वहीं, मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>